डिजिटल गवर्नेंस से तैयार हो रहा विकास का रोडमैप

संवाद न्यूज एजेंसी

कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया लखनऊ चैप्टर ने किया 'डिजी गांव-23' का आयोजन

मुख्य अतिथि व उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस से विकास का रोडमैप तैयार हो रहा है। आज इंटरनेट से जुड़े उपकरण हमारी रोजमर्रा की चीजें निर्धारित कर रहे हैं। ब्राजील में तकनीक आधारित खेती हो रही है तो यूपी भी कृषि क्षेत्र में लगातार प्रगति पथ पर है। उन्होंने यह बातें शनिवार को कंप्यूटर सोसाइटी ऑफ इंडिया लखनऊ चैप्टर द्वारा आयोजित 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस डिजी गांव 23' के शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कहीं।

राजधानी में आयोजित कॉन्फ्रेंस में ब्रजेश पाठक ने कहा कि सैमसंग ने नोएडा में सबसे बड़ी चिप मैन्यूफैक्चरिंग फैक्ट्री स्थापित की है। यहां बनी चिप देश के अलावा विदेशों में भी निर्यात की जा रही है। इस दौरान उन्होंने फाइबर ऑप्टिकल तकनीक आधारित प्रोजेक्ट और इपसॉन का इको फ्रेंडली प्रिंटर देखने के साथ ही सोविनियर पत्रिका का विमोचन भी किया।

कॉन्फ्रेंस में आए आईआईबीएम पटना के सलाहकार प्रो. एके नायक ने बताया कि जिस तरह से विकास हो रहा है, उससे जल्द ही इंटरनेट ऑफ एवरीथिंग यानी आईओईटी का विस्तार ग्राम पंचायतों तक हो जाएगा। इससे 60 लाख ग्राम पंचायतों के नागरिकों तक आसानी से सुविधाएं पहुंच सकेंगी। आईआईएम रायपुर के सेवानिवृत्त निदेशक भारत भास्कर ने बताया कि आईओटी प्रणाली से अमेरिका गूगल ऑटोमेटिक कारों का परीक्षण कर रहा है।

इस दौरान कार्यक्रम संयोजक अरविंद शर्मा, सीएसआई लखनऊ चैप्टर के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव, सचिव डॉ. श्याम कुमार गर्ग और सोविनियर चैयरमैन विनय कुमार जौहरी मौजूद रहे।

44 वॉट बिजली से चलेगा ईको फ्रेंडली प्रिंटर

इपसॉन के मैनेजर आईटी चैनल एंड कॉरपोरेट सेल्स प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि एक बल्ब से भी कम बिजली खपत यानी 44 वॉट बिजली से ईको फ्रेंडली प्रिंटर चलेगा। रिसाइकल पाउच की मदद से बिना टोनर बदले 86 हजार प्रिंटआउट मिलेंगे। इसकी प्रिंटिंग कॉस्ट 22 पैसे प्रति प्रिंट तक पहुंच जाएगी।

अलीगंज स्थित जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के सभागार में शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पुस्तक का विमोचन किया। -विज्ञप्ति

आईओटी पार्क देगा निजी उद्यमों को व्यावहारिक सहयोग

लखनऊ आईओटी पार्क के वाइस प्रेसीडेंट देवाशीष गांगुली ने बताया कि डिजिटल गवर्नेंस के लिए आईओटी की थीम पर हुई वर्कशॉप में जर्मन निवेशकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। आईओटी पार्क से निजी उद्योग को यूपी में प्रोत्साहन, सर्वांगीण विकास व निवेश के लिए स्मार्ट सुरक्षित व व्यावहारिक सहयोग मिलेगा। यह तकनीक बिजली, अग्निशमन, रेफ्रिजरेटर, ट्रैफिक लाइट, एंबुलेंस और पुलिस विभाग के उपकरणों को उन्नत करते हुए लोगों के लिए लाभकारी होगी। यूपी इंवेस्टर्स समिट में भी इसका प्रदर्शन किया जाएगा।